सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 07.06.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा मे कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुये चोर गिरोह के 03 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से 01 अवैध तमन्चा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त औजार किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 06/07.06.2024 की रात्रि को थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हूयी कि रामलीला मैदान के पास 03 व्यक्ति लूट/चोरी की योजना बना रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस द्वारा **03 व्यक्तियों को रामलीला मैदान मे बने मंच के पीछे से समय प्रात: 02.00 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछ:-

गिरफ्तार व्यक्तियों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो विशाल के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अवैध जिंदा कारतूस व 01 टॉर्च तथा विजय राजपूत के कब्जे से 01 आरी की पत्ती,01 टॉर्च व 01 लोहे की रॉड तथा शिवम प्रजापति के कब्जे से 01 प्लास व 01 पेंचकस बरामद किये गये।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 164/24 धारा 401 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. विशाल राजपूत पुत्र निर्मल चन्द्र राजपूत निवासी लोधी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र 21 वर्ष।**
2. विजय राजपूत पुत्र डालचन्द्र राजपूत निवासी लोधी मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र 20 वर्ष।**
3. शिवम प्रजापति पुत्र हरिशंकर प्रजापति निवासी कटराबल सिंह थाना कोतवाली जनपद इटावा **उम्र 20 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. **मु0अ0सं0 164/24 धारा 401 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा**

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमन्चा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 प्लास
4. 01 पेंचकस
5. 01 लोहे का रॉड
6. 02 टॉर्च
7. 01 आरी पत्ती

पुलिस टीम- निरीक्षक श्री विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ0नि0 मिलन सिरोही, का0 अक्षय कुमार, का0 आकाश कुमार।